प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस 2024 से पहले आज हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर की जगह तिरंगे की तस्वीर लगाकर 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान की शुरआत की। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को यादगार और जन–आंदोलन बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इससे पहले केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने **रेलवे संशोधन विधेयक 2024** आज लोकसभा में पेश किया। विधेयक में **रेलवे अधिनियम उन्नीस सौ नवासी** में संशोधन का प्रावधान किया गया है। विधेयक पेश करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि इस विधेयक में जो प्रावधान किये गये हैं उससे रेलवे बोर्ड की शक्ति बढ़ेगी और रेलवे की दक्षता में सुधार होगा।

****

टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर आज स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली। इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

****

राज्य सरकार ने राज्य निःशक्तता आयुक्त पद के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर की है। इस पद के लिए 20 अगस्त तक आवेदन मांगे गये हैं। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखंड की ओर से इसके लिए विज्ञापन जारी किया गया है। योग्यता रखने वाले सरकारी सेवा में कार्यरत पदाधिकारी, रिटायर्ड अफसर एवं गैर सरकारी व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं। राज्य निःशक्तता आयुक्त को पूर्णकालिक आधार पर तीन सालों की अवधि के लिए नियुक्त किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर 1–1 साल की अवधि के लिए दो बार अवधि विस्तार दिया जा सकता है। इस पद के लिए अधिकतम आयु 65 वर्ष की होनी चाहिये।

****

सरायकेला खरसावां जिले में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदित्यपुर स्थित श्रीराम इंग्लिश हाई स्कूल में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर राजद नेता अर्जुन यादव ने आदिवासियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन को लेकर केंद्र सरकार से और अधिक पहल करने की मांग की। वहीं विशिष्ट अतिथि पुरेंद्र नारायण सिंह ने केंद्र सरकार से विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। श्री सिंह ने कहां कि 27 प्रतिशत आरक्षण देकर आदिवासियों को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

****

धनबाद जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के तहत अग्नि प्रभावित इलाकों में रह रहे लोगों को बेलगड़िया टाउनशिप में शिफ्ट करने में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

****

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किये हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि ये फर्जी लिंक भेजकर लोगों से ठगी किया करते थे।

******समाप्त*******